## खबर संक्षेप

### जिले में तुअर फसल उपर्जान के लिए 20 अप्रैल तक करा सकेंगे किसान पंजीयन

**नरसिहंपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत खरीफ वर्ष- 2024 (विपणन वर्ष 2024- 25) में तुअर फसल के उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन ई- उपार्जन पोर्टल पर 20 अप्रैल 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए राज्य शासन ने तुअर फसल का समर्थन मूल्य 7550 रुपये क्विंटल घोषित किया है। जिले में किसान पंजीयन के लिए 20 केन्द्र निर्धारित किये गये हैं। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास नरसिंहपुर ने बताया कि तुअर फसल उपार्जन के लिए किसान करेली तहसील के अंतर्गत सहकारी विपणन संस्था मर्यादित करेली, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित केरपानी- सरसला एवं वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था आमगांवबड़ा में, गाडरवारा तहसील के अंतर्गत सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी, सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा, सेवा सहकारी संस्था चीचली, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर, गोटेगांव तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था मर्यादित करकबेल, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था श्रीनगर एवं प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बरहटा, तेंदूखेड़ा तहसील के अंतर्गत वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था तेंदूखेड़ा, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डोभी एवं प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बिलगुवा, नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था नरसिंहपुर, सेवा सहकारी संस्था मुगंवानी- पठापिपरिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित नयागांव, सेवा सहकारी समिति बचई- करहैया एवं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुर्गाखेड़ा और सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव एवं सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा को पंजीयन केन्द्र बनायें गये हैं।

### जल संरक्षण की दिशा में दीवार लेखन के माध्यम से दिया लोगों को जागरूकता का संदेश

**नरसिहंपुर ।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्रामों व पंचायतों में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में दीवार लेखन के माध्यम से नागरिकों को जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में परिषद की विकासखण्ड करेली की नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति रमपुरा द्वारा जल संरक्षण व संवर्धन के लिए दीवार श्लोगन लेखन के माध्यम से लोगों को जल के महत्व व उसके समुचित उपयोग का संदेश दिया। साथ ही जल के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रेरित किया गया। नवांकुर संस्था रमपुरा के अध्यक्ष श्री भगवान सिंह लोधी ने बताया कि जिले की 30 नवांकुर संस्थाओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन के लिए कार्य किये जा रहे हैं। इसी तरह पुरानी जल संरचनाओं की साफ- सफाई व उनके जीर्णोद्धार के साथ नवीन जल संरचनाओं का निर्माण तथा जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का झुलसा हुआ शव

**उमरिया।** घटनास्थल से आरी ब्लेड और बोरी मिलने के कारण पुलिस इसे संदिग्ध मानकर विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है। साथ ही, एक अन्य युवक दीपू रजक के झुलसे होने की खबर से दोनों घटनाओं के आपसी संबंध की जांच भी की जा रही है। उमरिया जिले के मारुति शोरूम के सामने तीसरी रेल लाइन पर रविवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव झुलसी हुई अवस्था में मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

# जेसीबी मे फंसे बाल से खुला हत्या का राज

## अवैध खनन को लेकर हुई वारदात,आरोपी गिरफ्तार





**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

अमलाई थाना क्षेत्र के बटुरा सोन नदी में कुछ दिन पूर्व हुई बुजुर्ग की हत्या का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। इस सनसनीखेज वारदात में अवैध खनन रोकने के प्रयास में एक वृद्ध की जान ले ली गई। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया है।

हत्या में प्रयुक्त जेसीबी मशीन भी जब्त कर ली गई है, जिसके बकेट में मृतक के सिर के बाल फंसे पाए गए। फॉरेंसिक जांच की पुष्टि के बाद ही हत्या की गुत्थी सुलझ सकी। जानकारी के अनुसार, मृतक खेल्हू वासुदेव अपने खेत में बने मकान में रहता था। उसी खेत से होकर सोन नदी में जाने का रास्ता था। खेल्हू अक्सर वाहन चालकों से अपनी जमीन से गुजरने के एवज में पैसा मांगता था। 2 अप्रैल की रात लगभग 2 बजे सूर्यभान गोंड (30 वर्ष) जेसीबी लेकर नदी की ओर पत्थर खनन करने जा रहा था। रास्ते में खेल्हू ने उसे रोक लिया और पहले अपने घर में पत्थर गिराने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ और बात इतनी बढ़ी कि चालक सूर्यभान ने खेल्हू पर जेसीबी का बकेट चला दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

वारदात को छिपाने के लिए आरोपी ने अपने तीन साथियों बच्चू गोंड (25), छोटू मेहरा (35) और कोमल मेहरा (50) के साथ मिलकर शव को घसीटते हुए नदी किनारे झाड़ियों में फेंक दिया। मृतक के परिजन पहले इस घटना को पुरानी रंजिश से जोड़ रहे थे, लेकिन पुलिस ने जब साइबर सेल की मदद से घटना स्थल से नदी तक मोबाइल लोकेशन ट्रैक की, तो चारों आरोपियों की मौजूदगी एक ही स्थान पर पाई गई। इसके बाद संदेह के आधार पर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जहां मुख्य आरोपी सूर्यभान ने अपराध स्वीकार कर लिया और शव ठिकाने लगाने में साथ देने वाले साथियों के नाम भी बताए। अमलाई पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। सभी आरोपी बटुरा गांव के निवासी हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का हेलीपैड पर हुआ आत्मीय स्वागत



**पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।**

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रविवार को नर्मदापुरम जिले में आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉक्टर यादव का स्थानीय हेलीपैड पर सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, नर्मदापुरम विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह, सिवनी मालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, श्रीमती प्रीति पवन शुक्ला ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर मप्र तैराकी संघ के अध्यक्ष श्री पीयूष शर्मा, श्री महेन्द्र यादव, सुनील रघुवंशी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक श्री मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी श्री प्रशांत खरे, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### किसानों से नरवाई- फसल अवशेष नहीं जलाने की अपील

**नरसिहंपुर।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के किसानों से नरवाई- फसल अवशेष/ पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरता कम होती है और पर्यावरण प्रदूषण होता है। मिट्टी के सूक्ष्मजीव नष्ट हो जाते हैं। इसके विपरीत नरवाई को खेत में ही छोड़ देने से अनेक लाभ होते हैं। नरवाई- फसल अवशेष का प्रबंधन सतत खेती के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसान नरवाई प्रबंधन जरुर करें। यह सतत खेती के लिए बहुत जरुरी है, इससे किसानों को अच्छी उपज मिलती है। उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग ने नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान और अवशेष प्रबंधन से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि नरवाई नहीं जलाने से नरवाई धीरे- धीरे विघटित होकर मिट्टी में कार्बनिक पदार्थ मिलाती है।

## पकरिया में जल को सहेजने हेतु जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

जल के संरक्षण एवं जल को सहेजने के लिए जिले में 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को ग्राम पंचायत पकरिया में विधायक जयसिंह मरावी के नेतृत्व में लोगों को जल का महत्व बताने हेतु जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जागरूकता कार्यक्रम में विधायक जैतपुर जयसिंह ने लोगों को जल का महत्व बताते हुए कहा कि पानी को बचाना है पानी को व्यर्थ नहीं बहाना है। खेत का पानी खेत मे रहे इस उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह यह अभियान चलाया है। यह अभियान 30 जून 2025 तक चलाया जाएगा। इसके अतंर्गत कुआं, तालाब बावड़ी एवं नदी नाले के पानी को सहेजना हम सब की जिम्मेदारी है। हम सब को पानी को बचाना है पानी का समुचित जगह में ही उपयोग करना है। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुद्रिका सिंह, जन अभियान परिषद के सीएमसीएलडीपी छात्र-छात्राएं एवं परामर्शदाता पूर्णिमा मुखर्जी एवं चंद्रशेखर वर्मा राकेश लक्ष्यकार ने सहभागिता निभाई ।

## स्थानान्तरित जनसंपर्क अधिकारी को दी गई विदाई

**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल में पदस्थ सहायक जन संपर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह को उनके जिला जनसम्पर्क कार्यालय उमरिया स्थानान्तरित होने पर संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय शहडोल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भावभीनी विदाई दी।

विदाई समारोह को सम्बोधित करते हुए जनसंपर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह ने कहा कि सरकारी दायित्वों के सही निर्वहन के लिए टीम वर्क आवश्यक होता हैं,टीम वर्क के माध्यम से एक दूसरे के विचारों और अनुभवों का आदान-प्रदान करते हैं, जिससे कार्यों की गुणवत्ता और गति दोनों में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि मुझे जनसंपर्क कार्यालय शहडोल में कार्य करने का बहुत कम समय मिला लेकिन जितना भी समय मिला और जो भी कार्य किया उसमें सभी पत्रकारों, अधिकारी एवं कर्मचारियों का बेहतर सहयोग मिला यह मुझे हमेशा याद रहेगा।



जनसम्पर्क कार्यालय के सोशल मीडिया हैंडलर ओम जायसवाल ने कहा कि स्थानांतरित सहायक जनसम्पर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह एक सरल और सहज व्यक्तित्व के धनी के अधिकारी हैं, जिनकी कार्यशैली ने हम सभी को प्रभावित किया तथा सरकारी कार्यों को शांतिपूर्वक कैसे निर्वहन करें यह गूर सिखने को मिला। साथ ही फोटोग्राफर रामबली यादव, रामावतार कोरी ने भी विदाई समारोह को सम्बोंधित किया। विदाई समारोह के दौरान स्थानांतरित जनसम्पर्क अधिकारी अरूणेंद्र सिंह को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिंह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदाई समारोह में जनसम्पर्क कार्यालय के प्रेमलाल पनिका, राजेश बैगा, पवन वर्मा, संतोष वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवदंपत्तियों को विवाह की शुभकामनाएं दी

**पीपुल्स प्रवक्ता , बनखेड़ी।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रविवार को नर्मदापुरम जिले में आगमन हुआ था। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात सर्किट हाउस पहुंचे एवं सर्किट हाउस से ही उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उज्जैन जिले में आयोजित सेन समाज के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाहित 36 नवदंपत्तियों को विवाह की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने सभी नवदंपत्तियों के सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की एवं सभी नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

## नगपुरा गांव में तालाब से मिला बुजुर्ग का शव



**पीपुल्स प्रवक्ता, शहडोल।**

जिले के जैतपुर के नगपुरा गांव में एक वृद्ध का शव तालाब में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मृतक की पहचान छटनकी लाल सिंह (70) के रूप में हुई है, जो बीती शाम से लापता थे। उनका शव उनके निवास स्थान से कुछ ही दूरी पर स्थित एक तालाब में मिला है। सूचना पर मौके पर पहुंची जैतपुर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

थाना प्रभारी रामकुमार गायकवाड़ ने बताया कि घटना स्थल पर मौजूदा साक्ष्यों को इकट्ठा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छटनकी लाल सिंह को उनके घर के पास स्थित तालाब की ओर जाते हुए देखा गया था, लेकिन देर रात तक वे वापस नहीं लौटे। इसके बाद परिवार के सदस्यों ने उनकी खोजबीन शुरू की। काफी देर बात उनका शव तालाब में दिखा। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे पुलिस टीम और अधिकारियों ने शव को बाहर निकलवाया और परिवार व आसपास के लोगों से जानकारी जुटाई है। प्रारंभिक जांच इसे एक हादसा माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही कुछ साफ हो पाएगा।

## युवाओं और संस्थानों ने एक साथ मिलकर किया नरहरियानंद सरोवर सांईखेड़ा तालाब का गहरीकरण

### जल गंगा संवर्धन अभियान जनआंदोलन का ले रहा रूप

**पीपुल्स प्रवक्ता, नरसिहंपुर ।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान में हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जल संरक्षण व संवर्धन और जल से जुड़ी हर गतिविधियों में समाज का प्रत्येक व्यक्ति इसमें भाग ले रहा है। धार्मिक, स्वैच्छिक, जनअभियान परिषद, नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन, जनप्रतिनिधि, अधिकारी- कर्मचारी, युवा, वरिष्ठ नागरिक सहित हर वर्ग के नागरिक इस अभियान में अपनी स्वैच्छा से भागीदारी निभा रहे हैं।



यह कार्य मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जल संरक्षण व संवर्धन के उद्देश्य से सांईखेड़ा के नरहरियानंद सरोवर तालाब में जनसहभागिता से स्वच्छता व गहरीकरण का कार्य किया गया। इस मौके पर जन अभियान परिषद सांईखेडा, नवांकुर संस्था तूमडा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति और युवाओं के साथ सभी ने एक साथ मिलकर किया। जन अभियान परिषद द्वारा गांव- गांव जाकर ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के माध्यम से जल संरक्षण व संवर्धन पर संवाद कार्यक्रम के तहत नागरिकों में जागरूक लाई जा रही है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अवधूत श्री दादा गुरु के सानिध्य में कन्या पूजन कर आध्यात्मिक चर्चा की

**पीपुल्स प्रवक्ता, बनखेड़ी।**

प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रविवार को नर्मदापुरम जिले के प्रवास पर थे इस दौरान उन्होंने अवधूत श्री दादा गुरु के दादा कुटी में पहुंचकर हवन कर पूजा अर्चना की एवं प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। मुखायमंत्री डॉ यादव ने दादा कुटी में 108 विभिन्न प्रजातियों के पौधों का पूजन अर्चन किया एवं नर्मदा परिक्रमा पथ को विकसित करनें एवं मां नर्मदा नदी के अविरल प्रवाह के लिए संकल्प लिया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने अवधूत श्री दादा गुरु के मार्गदर्शन में संतों के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। मुख्यमंत्री ने अवधूत श्री दादा गुरू के साथ आध्यात्मिक चर्चा की एवं प्रदेश की सुख समृद्धि के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान समूचे प्रदेश में प्रारंभ किया है। इस अभियान के तहत बंद एवं लुप्त हो चुकी जल संरचनाओं को पुनर्जीवित कर उन सभी जल संरचनाओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मां नर्मदा के संपूर्ण परिक्रमा पथ को विकसित करने का संकल्प लिया गया है। साथ ही मां नर्मदा के अविरल प्रवाह के लिए भी संकल्प लिया गया है। और इस संकल्प में दादा गुरू का आर्शीवाद हमें प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि नर्मदा पथ से होकर जाने वाले नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध



कराई जाएगी। परिक्रमा वासियों के लिए धर्मशाला एवं अन्य व्यवस्थाऐं प्राथमिकता से की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे नर्मदा परिक्रमा वासियों के लिए सभी आध्यात्मिक गतिविधियां सरल एवं सुगम हो सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन प्रदेश के सारे तीर्थ स्थलों को सुव्यवस्थित एवं विकसित करनें के लिए कृत संकल्पित है। उन्होंने प्रदेशवासियों को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैं मैहर एवं चित्रकूट भी जा रहा हूं। आज चित्रकूट का गौरव दिवस हे। भगवान श्री राम चंद्र जी ने अपने वनवास के कुछ वर्ष चित्रकूट में बिताये थे। आज चित्रकूट में रामनवमी के अवसर पर घर घर में दीप प्रज्वलित किये जाऐंगे।

इस अवसर पर दादा कुटी में सांसद श्री दर्शन सिंह चौधरी, नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह, पिपरिया विधायक श्री ठाकुरदास नागवंशी, सिवनी मालवा विधायक श्री प्रेमशंकर वर्मा, नगर पालिका नर्मदापुरम की अध्यक्ष श्रीमती नीतू महेन्द्र यादव, प्रीति पवन शुक्ला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्री अखिलेश खंडेलवाल, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती संगीता सोलंकी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण तथा नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर श्री कृष्ण गोपाल तिवारी, पुलिस महानिरीक्षक श्री मिथिलेश कुमार शुक्ला, डीआईजी श्री प्रशांत खरे, कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरन सिंह, प्रशासनिक अधिकारी गण उपस्थित रहे।